राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

दिनांक : 27.03.2018

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर ने अभ्यर्थियों के हित व सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ओ.टी.आर. (**One Time Registration**) का निर्णय लिया है **जिसके अनुसार माह अप्रैल, 2018 से ओ.टी.आर. (वन टाईम रजिस्ट्रेशन) के माध्यम से आवेदन भरने संबंधी प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है।** आयोग द्वारा अब जारी किये जाने वाले विज्ञापनों के तहत् आयोजित की जाने वाली संवीक्षा/प्रतियोगी परीक्षाओं के उचित निष्पादन एवं प्रतिरूपण के प्रयासों की रोकथाम तथा अभ्यर्थी की पहचान सुनिश्चित करने हेतु **आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को ओ.टी.आर. (O.T.R.) का उपयोग अपनी आधार संख्या के साथ करना होगा।** अभ्यर्थी के आधार का सत्यापन उसके आधार नम्बर पर रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर भेजे गये **O.T.P.** (**One Time Password**) से किया जायेगा।

(गिरिराज सिंह कुशवाहा)
सचिव